भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग
विकास आयुक्त का कार्यालय
नोएडा विशेष आर्थिक क्षेत्र
नोएडा-दादरी रोड, फेज-2, नोएडा - 201305 (उत्तर प्रदेश)
दूरभाष (मुख्य कार्यालय): 0120 - 2567268-70 (3 लाइनें), फैक्स: 2562314, 2567276
ईमेल <dc@nsez.gov.in>: वेबसाइट: www.nsez.gov.in

सेवा में,

कार्यालय के सभी अधिकारीगण/कर्मचारीगण /उपायुक्त (सीमा शुल्क)|

विषय: कार्यालय में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त जारी करना |

अधोहस्ताक्षरी को इसके साथ कार्यालय में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनाक 29.12.2023 को हुई बैठक का कार्यवृत भेजने का निर्देश हुआ है |

सभी अधिकारी/अनुभाग से अनुरोध है की इस पर समुचित कार्यवाही कर कृत कार्यवाही रिपोर्ट प्रस्तुत करें|

भवदीय,

सलंगनक: यथोक्त

(नितिन गुप्ता)
उप विकास आयुक्त

सूचनार्थ :

सयुक्त निदेशक (राजभाषा)
वाणिज्य विभाग
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
उद्योग भवन, नई दिल्ली

**<u>श्री ए. बिपिन मेनन, विकास आयुक्त, नॉएडा विशेष आर्थिक क्षेत्र की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक दिनाक 29.12.2023 का कार्यवृत |</u>**

विकास आयुक्त महोदय की अध्यक्षता मे कार्यालय के राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनाक 29.12.2023 को आयोजित की गई | बैठक मे उपस्थित सदस्यों के नाम सलंग मे इंगित है |

सर्वप्रथम अध्यक्ष महोदय की अनुमति से पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कारवाही से अवगत कराया गया | जो दिनाक 22.09.2023 को हुई थी और हिंदी में कार्य करने पर विशेष ध्यान दिया जाये व हिंदी प्रतिशत बढाया जाये जो कार्यालय के कुछ अनुभागों ने अच्छा प्रयास किया है | व कुछ का स्तर पहले से कम देखने को मिला और साथ ही कहा गया की कंठस्थ की या हिंदी ट्रेनिंग में कार्यालय के अधिकारियो/कर्मचारीयों को बढ़ चढ़ भाग लेने के लिए कहा गया | जिससे अधिकारियो/कर्मचारीयों जो भी हिंदी में ट्रेनिंग के दौरान जानकारी प्राप्त करते है | उससे कार्यालय मे हिंदी मे कार्य करने मे सहायता मिले जिससे हम कंठस्थ में अनुवाद कार्य कर सके और हमारे कार्यालय में हिंदी का कार्य विशेष रूप से किया जा सके |

2. कार्यालय में दिनाक 16-30 सितम्बर, 2023 के बीच हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया गया जिसमें प्रतियोगिता मे भाग लेने वाले अधिकारियो/कर्मचारीयों को प्रसस्ति पत्र दिए गए |

3. अध्यक्ष महोदय ने पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्यवाही का मदवार जायजा लिया | अध्यक्ष महोदय ने अनुभागों द्वारा पत्राचार में हिंदी पत्रों के प्रतिशत मे बढ़ोतरी पर प्रसनता व्यक्त की | तथा सुरक्षा अनुभाग, एस ई जेड अनुभाग, मुरादाबाद एस ई जेड, को नोटिंग और पत्राचार को बढाने के लिए निर्देशित किया गया है |

4. विकास आयुक्त महोदय ने एम एस ई जेड वेबसाइट पर राजभाषा हिंदी के कार्यालय कामकाज को अपलोड करने के लिए कहा गया।

5. विकास आयुक्त महोदय ने हमारी प्रेरणा पत्रिका के पांचवे संस्करण जल्दी से जल्दी छपवाने का आदेश दिया।

6. बैठक के अन्त में अध्यक्ष महोदय को उपस्थित सदस्यों ने धन्यवाद दिया और बैठक संपन्न हुई।

## कार्यालय मे राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक मे भाग लेने वाले अधिकारियों की सूची।

1. श्री ए. बिपिन मेनन, विकास आयुक्त।
2. श्री सुरेन्द्र मलिक, सयुक्त विकास आयुक्त।
3. श्री अमित कुमार गुप्ता, उपायुक्त (सीमा शुल्क)।
4. श्री नितिन गुप्ता, उप विकास आयुक्त।
5. श्री राजेश कुमार, उप विकास आयुक्त।
6. श्री अजय कुमार मिश्र, वरिष्ट लेखा अधिकारी।
7. श्री आर. के. शर्मा, सहायक विकास आयुक्त।
8. श्री प्रकाश चन्द उपाध्याय, सहायक विकास आयुक्त।
9. श्री प्रमोद कुमार, सहायक विकास आयुक्त।